हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
5 मई 2025, बरेली

PAGE NO.7: MIDDLE

# पेन मैनेजमेंट से कैंसर जैसे असाध्य दर्द का भी उपचार




सीएमई में विशेषज्ञ चिकित्सकों का सम्मान करते संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** दर्द स्वाभाविक है और इसे रोकना आज की सबसे बड़ी चुनौती। अच्छी बात है कि इसे कम किया जा सकता है और यह चिकित्सकों के हाथ में है। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को पेन अपडेट सीएमई और वर्कशाप में विशेषज्ञों ने कही। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया और पेन मेडिसिन विभाग की ओर से इंडियन सोसायटी आफ पेन क्लीनीसियन के तत्वावधान में एक दिवसीय पेन अपडेट सीएमई एवं वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

इसके उद्घाटन सत्र में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने सीएमई के महत्व पर बात की। उद्घाटन समारोह में पेन अपडेट 2025 की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ.गीता कार्की ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वैभव भंडारी, एम्स ऋषिकेश के प्रोफेसर (डॉ.) अजीत कुमार, एम्स गोरखपुर के डॉ. रवि शंकर शर्मा, डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. निहारिका अरोड़ा, डॉ. आदित्य पाल महेश्वर ने कैंसर सहित विभिन्न तरह के दर्द पर अपना व्याख्यान दिया। मौके पर डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस मेडिकल कालेज की आफिशिएटिंग प्रिंसिपल डॉ. बिंदु गर्ग, ऑर्गनाइजिंग को चेयरपर्सन डॉ. जूही सरन और डॉ. केसी शर्मा, साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ. धीरज सक्सेना थे।